श्री रोशन लाल : मैं लास्ट में क्लैरिफिकेशन करूंगा।

SHRI RANBIR SINGH: He does not want any clarification . . .

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You please don't interrupt. I know what I am doing here. I am asking him. If all the Members do like this, then where is the need to have a Chair and where is the need to have a Minister here? Mr. Roshan Lai, you please have your say. The Minister is there to refute if there is anything wrong.

श्री रोशन लाल : एक चीज मैं और कहना चाहता हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN : What is the clarification?

SHRI ROSHAN LAL : Delay tactics

(Interruptions)

सेंट्रल गवर्नमेंट ने अभी हाल ही में राजस्थान सरकार को यह हिदायत की थी कि हर महीने 2000 परिवारों की आबादकारी की जाय लेकिन राजस्थान सरकार वहां पर डिले टैक्टिस लगाती रही और उन्होंने इन्कार कर दिया कि हम दो हजार नहीं ले सकते। उस हिसाब के अनुसार हर तीसरे दिन ढाई सौ फैमलीज को वहां जाना था।

MR. DEPUTY CHAIRMAN : How yo take your seat . . .

श्री रोशन लाल : अब हम पर डिले टैक्टिस का इल्जाम लगाया जा रहा है और कहा जा रहा है कि हिमाचल गवर्नमेंट मदाखलत करती है। मैं यह वाजे कर देना चाहता हूं कि हम 250 फैमलीज हर तीसरे दिन उन के यहां भेजना चाहते थे उसके लिए उन्होंने इन्कार कर दिया। मैं मिनिस्टर साहब से पूछना चाहता हूं कि जो आज वहां पानी भर रहा है और 70 हजार आदमी जो वहां पानी के नजदीक बैठे हुए हैं क्या आप उनकी वार फुटिंग पर मदद करेंगे और मिलिटरी को हिदायत करेंगे कि उन की मदद करे इसलिये कि हर आदमी अपने डंगर, पशु और अपना सामान अपने साथ ले जाना चाहता है। वहां जाने से कोई इन्कार नहीं करता, लेकिन क्या आप उन को वहां ले जाने से इन्कार करते हैं। हम किसी नैशनल इंटरेस्ट में बीच में नहीं आना चाहते और हम को पानी देने से भी कोई इन्कार नहीं है। हम तो फकत उनका रिहैबिलिटेशन चाहते हैं। पंजाब को, राजस्थान को और हरियाणा को आज हिमाचल का पानी जाता है और जिस की वजह से वहां गंदम काफी हो सकता है। तो आप इन बातों का जवाब दें।

DR. K.L. RAO : Sir, I am glad on account of the sentiments he has expressed. That is a very happy sign. I should like to submit this . . .

SHRI JAGDISH PRASAD MA1HUR: He has alleged something against the Rajasthan Government . . .

DR. K. L. RAO : Sir, lam glad on ac-are not closed, the water will rise up to 1325 . . .

SHRI RANBIR SINGH : Water will remain on the dam for only 4-5 days?

DR. K. L. RAO : Even when the tunnel is not closed, the water will rise to 1325. About 14000 people will be affected. I will request the hon. Member- from Hima-chal Pradesh and his friends that they use their best efforts to get these people out of this 1325. Water may get there any time in the month of July.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I think, now we come to the Finance Bill. Mr. Shejwalkar.

SHRI RANBIR SINGH: There is one thing, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: There is no question of anything now.

THE FINANCE BILL, 1973— *contd.*

श्री ना० कृ० शेजवलकर (मध्य प्रदेश) : माननीय उप-सभापति महोदय, आज सदन के सामने 1973 का यह वित्त विधेयक विचार के लिये है। पच्चीस वर्ष स्वतन्त्रता के आने के बाद हो गये हैं और उसकी सिलवर जुबली मनाई जा रही है, यह रजत-जयन्ती वर्ष है और इस रजत-जयन्ती के वर्ष में दुर्भाग्य से चारों तरफ भूख, दंगे, बिजली का अभाव है, कीमतें बढ़ी हुई हैं, पानी का अभाव है। यह सारी जो स्थिति है वह आज हम देख

रहे हैं। वैसे तो देखा जाय तो जब-जब भी फरवरी का महीना आता है और 28 फरवरी की तारीख आती है तो सारा देश एक तरह से घबड़ाहट में आ जाता है, उसको एक घबड़ाहट होती है कि न मालूम कौन से नये-नये कर अब लगने वाले हैं और अब न मालूम क्या क्या मुसीबतें आने वाली हैं और उसके बाद सारा उसका जो परिणाम है, वह सारे भारतवर्ष को भुगतना पड़ता है।

'गरीबी हटाओ' का नारा लगाये हुये दो वर्ष हो गये। कभी कह दिया जाता है कि गरीबी तो मेरी जिन्दगी में भी नहीं हट सकती और कभी फिर कहा जाता है कि हम तो गरीबी हटाने के लिये बन्धे हुये हैं। कभी हमारे वित्त मंत्री महोदय उपदेश देते हैं कि होल्ड दि प्राइस लाइन, प्राइस लाइन को पकड़ कर रखो। मैं जब विद्यार्थी था तो ज्योमेट्री में पढ़ाया जाता था—लाइन हैज लैंथ बट नो ब्रेथ—इसलिये यही कारण है कि उनको इस लाइन को पकड़ना ही नहीं आता, क्योंकि ब्रेथ है ही नहीं तो कहां से पकड़े। तो यह स्थिति है कि हर बार कीमतें बढ़ती चली जा रही हैं। बजट जब लाया गया तो एक फैलेसी सामने थी, उसके पहले पिछले सत्र में पे कमिशन की रिपोर्ट के बारे में इसी सदन में प्रश्न उपस्थित हुआ और यह मांग की गई—मैंने भी प्रश्न पूछा था कि क्या आप सहानुभूतिपूर्वक यह विचार करेंगे कि कुछ अंतरिम सहायता दी जाय तो उन्होंने कहा कि सहानुभूति तो है लेकिन अंतरिम सहायता हम नहीं देंगे। अब उसका कारण स्पष्ट था कि बजट को रखना था, उसमें 85 करोड़ रु० का घाटा प्रस्तुत किया गया और जब रिपोर्ट आयेगी तो उनको पता था कि उससे भी सैकड़ों करोड़ रुपये का घाटा होने वाला है और उसके अनुसार फिर दुबारा इनफ्लेशन के लिये, महंगाई के लिये, बड़ा भारी प्रश्न उपस्थित होने वाला है।

इधर इन सारी समस्याओं का कारण हमारी प्रधान मंत्री जो विरोधी दल है, उनके ऊपर थोपने में भी कभी चूकती नहीं हैं. आये दिन ये भाषण होते हैं कि इस सारे के लिये उत्तरदायी जो है वह विरोधी दल है, हम जो कुछ योजनायें सामने रखते हैं उन योजनाओं में ये किसी प्रकार से हमें सहयोग नहीं देते। मैं पूछना चाहता हूं कि किसी भी जनतन्त्र के अन्दर उत्तरदायित्व पहला, प्रमुख रूप से किसका है ? जो शासक दल हो, जो दल इतने बड़े बहुमत में हो सारा उत्तरदायित्व उसी का है। दूसरा अगर कोई सहयोग चाहता है तो आखिर जो विरोधी दल है वे इनके बनाये हुए नहीं हैं। उनका भी अपना-अपना महत्व है और अपनी-अपनी मान-मर्यादा है। आप कोई नीति निर्धारित करते हैं, बनाते हैं अपने आप और फिर आप दूसरों से कहते हैं कि उसका पालन करो और वे लोग इस बारे में अपनी राय भी जाहिर न करें तो आप उनसे कहते हैं कि ये तो हर चीज में रुकावट डालना चाहते हैं। अगर राष्ट्र के बारे में कोई समस्या है और उस समस्या को वास्तविक रूप से आज का शासन हल करना चाहता है, तो उसको विरोधी दल को बुलाना चाहिये, उनसे अलग से बात करनी चाहिये कि उनको इस बारे में क्या राय है ? हो सकता है कि इस तरह की बातचीत के बाद भी कोई नतीजे पर न पहुंचा जाय, विरोधियों से राय न मिले, एक दूसरे से विचार विमर्श करने के बाद भी कोई नतीजा न निकले, तो उसके बाद भी यह कहा जा सकता है कि हम आप का इस बारे में सहयोग चाहते हैं। लेकिन एक दिन कोई महानुभाव किसी अधिवेशन में किसी चीज को अचानक रख देते हैं और उस चीज के बारे में जब कि उनके दल में ही दो राय हैं, उस चीज के बारे में कहते हैं कि विरोधी लोग इस चीज को नहीं करने देना चाहते हैं और हमारे रास्ते में अड़ंगा लगाना चाहते है। पहले बैंक का राष्ट्रीयकरण करने का प्रश्न आया तो उस समय भी यही कहा गया था कि हम लोग तो प्रगति करना चाहते है, लेकिन विरोधी लोग हमारे मार्ग में बाधक हैं, हम प्रिवी पर्स समाप्त करना चाहते हैं, मगर ये नहीं करना चाहते हैं और इस तरह से ये लोग हमारे रास्ते में रुकावट डालना चाहते हैं। मैं आप से पूछना चाहता हूं कि आपने दो काम कर लिये, क्या उनमें आपको रुकावट आई ? एक मामले में कुछ रुकावट आई कि मामला

[श्री ना० कृ० शेजवलकर]

कोर्ट में गया, लेकिन उसके बाद तो आपका काम हो गया । लेकिन मैं यह जानना चाहता हूं कि इसका परिणाम क्या निकला? मैं यह कहना चाहता हूं कि आप हमेशा से यह कहते आ रहे हैं कि इन चीजों से गरीबों को लाभ होगा बैंक के राष्ट्रीयकरण करने से । आज यह स्थिति हो गई है प्राइवेट बैंकों से जहां पहले जनता की सेवा होती थी; क्योंकि स्टेट बैंक को तो सरकारी काम-काज से ही फुरसत नहीं मिलती है, लेकिन आज राष्ट्रीयकरण करने के बाद से उन बैंकों में भ्रष्टाचार फैल गया है । पहले मुझे उनके कार्यप्रणाली के के बारे में बड़ा गर्व था, लेकिन आज यह स्थिति हो गई है कि उन बैंकों के अन्दर भी भ्रष्टाचार घुस गया है । अगर किसी गरीब काश्तकार को 500 रुपये का कर्जा लेना होता है तो उसके हाथ में केवल 200 रुपया ही मिलता है । आज जो गरीब लोग हैं उनको इन बैंकों से किसी तरह की भी मदद नहीं मिल रही है । मैं आपके सामने मध्य प्रदेश का उदाहरण देना चाहता हूं । वहां पर इंजीनियरों को 20 लाख रुपया कर्जा देने की बात थी और यह कर्जा वहां पर तीन लड़कों को मिला । इनमें से एक लड़का तो चीफ सेक्रेट्री का था, दूसरा एक भूतपूर्व मुख्य मंत्री का था और तीसरा एक बड़े अधिकारी का लड़का था। इस तरह से जो 20 लाख रुपया बेकार इंजीनियरों के लिए था, वह इस तरह से तीन लड़कों को दे दिया गया ।

श्री महावीर त्यागी (उत्तर प्रदेश): यह कहां की बात है ।

श्री ना० कृ० शेजवलकर : यह मध्य प्रदेश में, भोपाल की बात है । इस तरह का मारुति लिमिटेड का एक बहुत बड़ा किस्सा हो गया है । यह कम्पनी अभी तक रजिस्टर्ड नहीं हुई और न इसको अभी लाइसेंस ही मिला, लेकिन इसको फाइनेन्स कारपोरेशन से लाखों रुपया कर्ज के रूप में मिल गया है । इस तरह की बात पहिले नहीं होती थी । कुछ मात्रा में होती होगी, लेकिन आज तो इस तरह की बात ह आम बात हो गई है ।

अब सरकार ने अनाज का व्यापार अपने हाथ म ले लिया है । आप अगर यह समझते हैं कि हम इन व्यापारियों के हमदर्द हैं तो मैं यह बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हमें व्यापारियों से कोई बड़ी हमदर्दी है, इस तरह की जो बात आपके मन में है उसको आप मन से निकाल दीजिये । लेकिन जो कोई समाज विरोधी तत्व है, उनके साथ हमारी कोई हमदर्दी नहीं है । मैं यह शब्द "जो कोई" के ऊपर विशेष बल दे रहा हूं, क्योंकि हम देखते हैं कि कुछ सरकारी अधिकारीगण भी इस कार्य में लगे हुए हैं तथा कुछ अन्य लोग भी है जो इस तरह के कार्यों में मिले हुए होते हैं । इस तरह के लोगों के लिए आपने कोई योजना और कोई उपाय नहीं किया । इसी बात पर हमारी आपत्ति है, क्योंकि हम देखते हैं हैं कि मध्य प्रदेश से जो इंस्पेक्टर गेहूं खरीदने हरियाणा गये थे, उन्होंने एक रुपया बोरी वसूल किया । भाव कुछ भी हो, 74,76 या 82, यह उनके ऊपर निर्भर होता है । क्या आप इन्हीं के आधार पर योजनाओं को सफल बनाने की बात सोचते हैं ?

बड़ी खुशी की बात है कि आपने इन्कम टैक्स एक्ट में एक प्रावधान कर दिया कि कोई कम दर पर अपनी सम्पत्ति को बचेगा तो सरकार को उसको लेने का अधिकार हो सकता है । मैं एक दूसरी बात रखना चाहूंगा—मैंने पिछले वर्ष भी वित्त मंत्री महोदय से सवाल किया था और आज भी जानना चाहूंगा—कि अगर कोई अधिकारी जानबूझकर कीमत ज्यादा लगा कर एसेसमेंट करने की कोशिश करे तो ऐसे भी यह कह सके कि सरकार यह कीमत निर्धारित करती है तो सरकार इस कीमत में ले ले, आप्शन उसको भी हो । यह सब मिली भगत है । आपका टैक्सेशन का जो स्ट्रक्चर है वह बहुत कम्प्लीकेटेड है, उसमें बहुत लूपहोल्स हैं । इसके कारण दोनों मिल कर जनता के धन को लूटते हैं । आज आपने चाहे राजा खत्म कर दिए होंगे, लेकिन आज दूसरे राजा बन रहे हैं । आज एक साधारण मोटर वैहिकिल्स का टैक्स इंस्पेक्टर कार रख सकता है, जिसकी 250—300 तनख्वाह होती है । पुलिस का इंस्पेक्टर, जिसकी 250—300 तनख्वाह होती है, 200 रुपये महीना मकान का किराया दे सकता है, 100 रुपए की ट्यूशन रख सकता है और 500 रुपये के उसके अपने निजी नियमित खर्चे हैं, यह सब बना सकते हैं । आज

चम्बल का पुल टूट गया, फलां जगह का पुल टूट गया, इनक्वायरी बैठ गई। पी० डब्ल्यू० डी० में क्या है ? हर विभाग में यही हाल है। फारेन एक्सचेंज बिल पर चर्चा का मौका मिला था। लाखों रुपये की स्मगलिंग होती है। अगर हम और आप जैसे पढ़े लिखे व्यक्ति होते हैं तो उनके लिए बराबर कानून का पालन होगा, अगर आप एक शर्ट का कपड़ा भी ले आये तो पैनल्टी देनी पड़ेगी, लेकिन मैं देखता हूं कि हजारों घड़ियां, हजारों ट्रांजिस्टर, हजारों टेलीविजन, मोटरें भी, रेफ्रीजैरेटर सब यहां आ जाते हैं। क्या ये सब यों ही पास हो जाते हैं ? जो स्मगलिंग करते हैं और जो उनके साथ मिले होते हैं, उन दोनों की साठ-गांठ होती है। इसको प्रश्रय देने वाले हैं राजनीतिज्ञ, जो अपने दल के हित के लिए या अपनी सत्ता को बनाये रखने के लिए ऐसे तत्वों को प्रश्रय देते हैं। आपने इस समस्या के मूल्य को देखने का प्रयास नहीं किया। मैं चेलेंज देकर पूछना चाहता हूं —आप जनसंघ को बराबर दोष देते हैं —आप बताइए कि कितने बड़े व्यापारी हैं अनाज के जो हमारे साथ लगे हैं। एक-दो प्रतिशत होंगे। आप देखेंगे सारे खादी—वेशधारी शासन के पीछे, अधिकारियों के पीछे घूमने वाले लोग नजर आएंगे। हमको उनके साथ हमदर्दी नहीं हो सकती। हमको हमदर्दी किसानों से है, जनता से है। इस सबका परिणाम यह होता है कि ये भ्रष्ट अधिकारी किसान को सही कीमत मिलने नहीं देते। हमें व्यापारी से कोई हमदर्दी नहीं है। आप उनको रोकेंगे जो एक-दो रुपया मुनाफा कमाते हैं और आपके एडमिनिस्ट्रेटिव चार्जेज 20 और 24 रुपए क्विन्टल पड़ते हैं, फूड कारपोरेशन देता है। फूड कारपोरेशन की हालत आपको पता है। हजारों टन गल्ला सड़ गया, लाखों रुपयों का नुकसान हुआ। उसके चेयरमैन, एफ० सी० आई० के चेयरमैन के खिलाफ क्या-क्या हुआ, आप सब जानते हैं।

आपका टैक्सेशन का स्ट्रक्चर ही खराब नहीं है, पब्लिक अंडरटेकिंग्स में भी घाटा होता है। उसका भी कारण यही है। अब कोई आदर्श उपस्थित करने के लिए तैयार नहीं है। केवल कागजों में या भाषण देने से आदर्श उपस्थित नहीं होगा, व्यक्तिगत आदर्श उपस्थित करना पड़ेगा। आप मुझे क्षमा करेंगे, मैं व्यक्ति को डिस्कस नहीं करना चाहता, लेकिन अगर प्रधान मंत्री जी यह तर्क दें कि मैं अपने लड़के के लिए मोटर का कारखाना क्यों नहीं खोल सकती, उसने क्या गलती की है तो वह तर्क हर एक के लिए उपलब्ध होगा।

आज भारत के लिए त्याग की आवश्यकता है। अगर वह इस चीज को सामने रखते। इस प्रकार का आदर्श उपस्थित करते तो शायद दूसरे लोग भी उसकी मांग न करते तो आज देश के सामने दूसरा ही चित्र होता। मैं अपने बारे में भी कहता हूं कि अगर आज लोग आदर्श उपस्थित करें तो देश का उदाहरण ही दूसरा होता। लेकिन हम लोग बातें करते हैं पर उसके मूल को हम देखना नहीं चाहते। ऊपर-ऊपर मरहम पट्टी वाले हल निकालते जाते हैं, इसलिए हम दिन प्रति दिन नीचे चले जा रहे हैं।

ग्रोथ रेट हमारा कम हो गया। 900 करोड़ रुपये के लगभग हमारा उत्पादन इस वर्ष कम हो गया। बिजली की बहुत बड़ी कमी है। पावर शार्टेज की वजह से यह परिस्थिति उत्पन्न हुई। क्यों नहीं हम उसके बारे में एक ऐसी योजना बनाते कि जिसमें सारे समाज का एक-एक व्यक्ति सम्मिलित होकर उत्तरदायित्व अपने ऊपर लेकर तैयार होता ? सारी चीज नारेबाजी से तैयार की जाती है। मुझे याद है कि सन् 1957 में अमरीकन कंपनी की तरफ से कहा गया कि हम फर्टिलाइजर कंपनी खोलने के लिए तैयार हैं। लेकिन उस समय यह बात कही गयी कि 51 प्रतिशत शेयर भारत सरकार के होंगे। लेकिन उस कंपनी ने सोचा कि इसमें रोज-रोज का इंटरफियरेंस होगा, हस्तक्षेप होगा और वह तैयार नहीं हुई। आज दुर्भाग्य यह है कि सर्व-साधारण और अधिकारियों के बारे में यह विश्वास नहीं है कि कोई ईमानदारी से या नेकनियती से काम करेगा। अगर हमारे पंडित जी इस बात पर न अड़े होते तो शायद उस समय फर्टिलाइजर्स आ गया होता और जो सूखे की स्थिति आज है वह न होती और हमारी योजना सफल होती।

कहा जाता है कि इन दिनों में हमने प्रगति की है और हमको फारेन टेकनीक की आवश्यकता

[श्री ना० कृ० शेजवलकर]

नहीं है । लेकिन मैं देखता हूं कि व्यावहारिक रूप में छोटी से छोटी मशीन क्यों न हो, हम नहीं बना सकते । आज युग कितना आगे चला रहा है, दुनिया की दौड़ में हम कितने पीछे है और फिर भी हम यह नहीं चाहते कि कोई दूसरा हमारे यहां आये । यह मैं मानता हूं कि बैलेंस हमें देखना पड़ेगा कि हमारा फारेन एक्सचेंज व्यर्थ न जाये, लेकिन इतनी सख्ती रखने से नतीजा यह होता है कि आपका उत्पादन कम हो रहा है । अगर आप ऐसी योजना बनायें कि उत्पादन ज्यादा हो और जितना फारेन एक्सचेंज बाहर भेजेंगे उससे ज्यादा कमाकर देंगे, इन टर्म्स पर कोलाबोरेशन करें तो बहुत ज्यादा सुधार हो सकता है, इससे क्वालिटी देश में सुधर सकती है और देश में बड़ा भारी परिवर्तन आ सकता है । बहुत से देश हैं जिन्होंने यह बात तय की कि हम दूसरों को आने देंगे । हमारे देश का एक-एक व्यक्ति इतना बुद्धिमान है कि उसको देखने की जरूरत है, वह उसको नकल कर सकता है । रशियन्स में, हर बात में वह बुद्धिमान है उसको देखने का मौका तो मिले, काम करने का अवसर तो मिले । इसके बारे में एक ऐसी पालिसी आपकी है जिसके कारण आज हम औद्योगिक क्षेत्र में विकास नहीं कर पा रहे हैं ।

अनएम्प्लायड लोगों का प्रतिशत पढ़े-लिखे अनएम्प्लायड लोगों का प्रतिशत 43 परसेंट बढ़ गया है । अब आप सोचिये कि 43 परसेंट बढ़ गया । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि मुझे गलत न समझें, मैं मोनोपोलिटों के पक्ष में नहीं हूं लेकिन मैं यह कहता हूं कि एम्प्लायमेंट का अगर आप हिसाब लगायेंगे तो जब से आपने पब्लिक अंडरटेकिंग्ज हाथ में ली है एम्प्लायमेंट पोटेंशल कम हो गया है । उसका कारण यह है कि उसमें आप लाभ नहीं कमा रहे है, विकास नहीं करते । प्राइवेट इंडस्ट्रियलिस्ट्स स्टाफ और दूसरों को ज्यादा पैसा देते हैं और हर साल नया कारखाना लगाते थे । उससे इम्प्लायमेंट पोटेंशल बढ़ता था । लेकिन आपकी पालिसी के कारण अनएम्प्लायमेंट का परसेंटेज बढ़ गया । इतने ज्यादा आज अनएम्प्लायड हो गये इंजीनियर कि वे आज बैंकों में नौकरी करते हैं ऐज ए क्लर्क । ऐसे उदाहरण मेरे पास हैं। तो यह स्थिति आज देश के अन्दर है और इस तरह की निराशा की स्थिति बनी हुई है । इसका कारण यह है कि इस अनएम्प्लायमेंट के बारे में दुर्भाग्य से आज इस सरकार का कोई दृष्टिकोण है नहीं जिसके कारण से आगे कोई हल नजर नहीं आता ।

इसी प्रकार से आपने बिजली के उत्पादन का काम किया । मुझे याद है कि पिछली बार जब बिहार में सूखा पड़ा था तो उस वक्त वहां संविद सरकार थी । उनमें चाहे जो भी दोष हो, लेकिन मैं समझता हूं कि उस समय बिहार की सरकार ने जितना काम किया वह अनुकरणीय उदाहरण है । उन्होंने जगह-जगह पम्प लगाये, जगह-जगह उन्होंने पानी के लिए छोटा-छोटा प्रबंध किया ।

जिन स्थानों पर हम पानी के लिए आसमान की तरफ देखते हैं महाराष्ट्र में, मैसूर के कुछ क्षेत्रों में, वहां दो तीन रुपये मजदूरी से काम तो आपने करवाया, लेकिन उससे काम चलनेवाला है नहीं । वहां पर आप छोटे सिंचाई के साधन बनाते तो उसके कारण आप उसी के आधार पर आगे के लिए कम से कम इस समस्या को हल करने में सहायता दे सकते थे, लेकिन उसके बारे में कोई विचार नहीं किया गया ।

गरीबी का नारा दिया जाता है, लेकिन आज 75 प्रतिशत ऐसे गांव है जिनके अन्दर न बिजली पहुंची है और न पीने के पानी का प्रबंध है । आपके आवास मंत्रालय ने एक योजना बना दी कि इतने गांव हम प्रत्येक वर्ष लेंगे, लेकिन फिर भी छ. साल में सब पूरे नहीं किये जा सकते । आप प्रमुखता किस चीज को देने वाले हैं । पीने के पानी को आप देंगे नहीं । आप पम्पस वगैरह को प्रमुखता देंगे नहीं, आप उनके निवास लिये कोई योजना बनायेंगे नहीं, आप तो 26-26 मंजिल वाले भवन बनायेंगे और उनके लिए आप योजना बनायेंगे । आप ऐसी कोई योजना आरंभ नहीं कर सकते, जिसमें जनता का कोआपरेशन मिले

आप कालोनीज स्वयं बनाते हैं । मैं पूछना चहता हूं कि आप डोनेशन दे कर क्यों नहीं स्वयं उनसे उसको कराते हैं । आप उनको सबसीडी दीजिये । इससे मकानों की संख्या भी ज्यादा बढ़ेगी और सरकार का इंवेस्टमेंट भी कम होगा । यह मानना पड़ेगा कि अब रूस में भी इस बात पर लोग वापस आने लगे हैं कि व्यक्तिगत जब तक किसी में भावना नहीं होती इंसेंटिव नहीं होता, तब तक काम में उसकी रुचि नहीं होती है । सरकार के मकान में लोग उसकी मरम्मत करने को तैयार नहीं होते हैं । अगर उसका किराया सौ रुपये होगा तो लोग चाहेंगे कि 50 रुपया ही देना पड़े । इसलिए अगर आप उसके ह्यूमन करेक्टर को कंसीडर कर के कोई आवास की योजना बनायें तो यह हो सकता है कि एक बड़ी भारी क्रांति आ जाय । अगर लोग स्वयं अपना मकान बनायेंगे तो उससे सरकार के ऊपर ज्यादा भार नहीं पड़ेगा । आप ह्यूमेन एप्रोच को एक तरफ रख देना चाहते हैं और केवल एक कागजी योजना बना कर चाहते हैं कि वह कार्यान्वित हो जाय और यही कारण है कि उसमें आपको असफलता मिल रही है । समाजवाद का हम नारा लगाते हैं, लेकिन समाजवाद वास्तव में क्या है इसके बारे में भिन्न-भिन्न रायें हैं। एक ही दल के अलग-अलग लोग अलग-अलग उस की व्याख्या करते हैं। अगर उसका अर्थ यह है कि हम विषमता को दूर करें तो हम उसमें साथ हैं। हम खुद विषमता नहीं चाहते हैं । हम नहीं चाहते हैं कि किसी को दो सौ रुपये तनख्वाह मिले और किसी को 5,000 रुपया मिले । हम ने कहा है कि एक और दस के बीच में उसका प्रमाण होना चाहिए, आय का और उसको आप करिये ।

आपने और तमाम दूसरे कानून बनाये लेकिन उसमें इस की कोई रोक नहीं की कि डिस्पैरिटीज को कैसे खत्म किया जाय । इसके लिए आप ने कोई योजना नहीं बनायी । अगर किसी को दस करोड़ की आमदनी हो जाय और वह बड़ी-बड़ी कोठियों में रहे तो उस पर आप किसी किस्म की रोक नहीं लगाना चाहते, आप उस पर कोई रोक लगा नहीं सकते । आज हम लोग स्वयं कोई आदर्श उपस्थित नहीं कर रहे हैं । हम लोग चाहते हैं कि हम तो ढाई लाख की कार में घूमते फिरें और अपेक्षा करते हैं एक व्यापारी से कि वह किसी विदेशी कार का इस्तेमाल न करे । मैं समझता हूं कि इस बात का कोई वजन नहीं होगा । मैं यह बात समझ सकता हूं कि जो हमारे केन्द्र के मंत्री हैं, उन के जीवन का बहुत अधिक महत्व है । अगर कोई ऐसी नौबत आ जाय और आप को हिल्स आदि में दौरा करना हो तो आप उसके लिए कोई विदेशी या और अच्छी कार ले जायं, लेकिन अगर आप को दिल्ली में ही घूमना है तो फियेट या एम्बेसेडर में आप क्यों नहीं घूम सकते ? लेकिन आज ऐसी भावना हमारे मंत्रियों में नहीं है । आज ही मुझे पता लगा कि हमारे एक नये मंत्री हैं, जिन्होंने एक नयी विदेशी कार लेने से इन्कार कर दिया और अपने पुराने फ्लैट में ही रहना पसंद किया है । यह एक अच्छा उदाहरण है । अगर सभी लोग ऐसा उदाहरण प्रस्तुत करें तो एक अच्छा वातावरण तैयार हो सकता है । कोई एक नया कानून बनाने से कोई विशेष परिवर्तन नहीं आ सकता हम गलती करें और दोष विरोधियों पर मढ़ दें यह ठीक नहीं है । आज कहा जाता है कि विरोधी हमारे दल को सैलाइन करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन आप चुनाव किस तरह से जीते हैं । यह चुनाव विरोधियों को सेलाइन कर के ही तो जीता गया है । मेरा तो आरोप है कि विरोधियों को सेलाइन करके तो वह लोग यहां आये हैं । हम कहते हैं कि हम सांप्रदायिक नहीं हैं । हमारे संगठन में अनवर देहलवी हैं, हमारे यहां अब्दुल रहमान हैं, कानपुर में एक मुसलमान हमारे मेम्बर हैं, लेकिन उस सब बात को वह नहीं मानेंगे । इसके बाद भी वे नहीं मानेंगे कि हम लोग सांप्रदायिक नहीं हैं । समझते हुए भी वे कहते रहेंगे कि हम लोग सांप्रदायिक हैं । व्यापारियों से वे चन्दा खुद ही इकट्ठा करते रहेंगे और आरोप हम पर लगायेंगे कि हम उन से पैसा ले रहे हैं और हम व्यापारियों से मिले हुए हैं । आपके यहां साठ-साठ लाख रुपये की रकम का कोई पता नहीं चलता, उस के बारे में आज तक कोई सही स्टेटमेंट नहीं दिया जा

[श्री ना० कु० शेजवलकर]

सका और आरोप हम पर लगाया जा रहा है। समाजवाद का नारा लगाते हैं और एक प्राइवेट कम्पनी खुद ही घर में चला दी जाय तो उस में दोष किसका है? इसमें हमारी पार्टी का कोई दोष है या आप का? मेलाइन आप कर रहे हैं या हम कर रहे हैं? तो आप देखें कि वास्तविक स्थिति आज क्या है। टैक्सेशन ला आप ने इतना कॉम्प्लिकेटेड बनाया हुआ है, उसमें इतने डिडक्शन्स होते हैं और इतने झगड़े करने पड़ते हैं कि उसके कारण वह सिम्पुल नहीं रहा है जब कि कानून साधारण व्यक्ति की समझ में भी आना चाहिए। मैं भी 27 साल की स्टैंडिंग का वकील हूं, लेकिन मुझे भी तीन-तीन बार कुछ बातों को देखना पड़ता है और इनकम टैक्स के रेगुलर प्रेक्टीशनर्स से पूछना पड़ता है। मैं तो कोई पापुलर मंत्री नहीं हूं कि दस साल तक रिटर्न दाखिल न करने पर भी कह दूं कि रिटर्न दाखिल करना भूल गया, मुझे याद नहीं रहा। तो लॉ को सिम्प्लीफाई करने का प्रयत्न होना चाहिए

वित्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : मैं एक स्पष्टीकरण चाहती हूं। मैं कोई अनुभवी वकील तो नहीं हूं 27 वर्ष की प्रैक्टिस की, लेकिन आपने कहा कि हम विरोधियों को मेलाइन कर के ही इस चुनाव में जीत कर आ सके हैं। तो क्या आप ऐसा कह कर जनता की समझदारी को चुनौती नहीं दे रहे हैं? जनता ने जिन को चुन कर भेजा है, उस जनता को आप चुनौती नहीं दे रहे हैं, उसकी समझदारी को।

श्री ना० कु० शेजवलकर : मैं ऐसा नहीं कहना चाहता। जनता के ऊपर हमारी अपार श्रद्धा है, लेकिन जनता तो ऐसे भोलेशंकर है। उस को समझ का सवाल ही नहीं है। भोलेशंकर जिस प्रकार होते हैं उसी प्रकार जनता को जिसने डमरु बजा कर रिझा लिया वह उस की बात मान जाती है. .

श्रीमती विद्यावती चतुर्वेदी (मध्य प्रदेश) : आप तो तांडव भी करते हैं तो भी कुछ नहीं होता।

श्री ना० कु० शेजवलकर : तो मेरा निवेदन यह है कि जो कुछ मैंने यहां संक्षेप में निवेदन किया है, उस पर आप गौर करें और शान्तिपूर्वक विचार करें और मैं समझता हूं कि आप अपने मूलभूत विचारों में कुछ परिवर्तन करें तो शायद हम कुछ आगे बढ़ सकते हैं। मैं आपको आश्वासन देना चाहता हूं कि आप के किसी नेक कदम में हम आप के साथ हैं और हम उसके लिए हर प्रकार से सेक्रीफाइस करने के लिए तैयार हैं, आप कोई सेक्रीफाइस बाद में करें, हम पहले करेंगे। आप निर्धारित कर दीजिए कि सब एम०पीज० को हम दो सौ रुपये महीना तनख्वाह देंगे, मैं सबसे पहला आदमी होऊंगा और मैं कहूंगा कि मुझे आप आधी तनख्वाह ही दीजिए। लेकिन आप आदर्श उपस्थित करें, हम आपके साथ आने को तैयार हैं।

श्रीमती सीता देवी (पंजाब) : माननीय उपसभापति जी, इस वर्ष इस बजट को संतुलित बनाना और आर्थिक व्यवस्था के मुताबिक बनाना काफी कठिन काम था; क्योंकि सन् 1971 ई० में देश ऐसी परिस्थितियों में से गुजरा, बंगला देश का प्राबलम था और कई जगह पर अकाल पड़ा। मैं समझती हूं कि इन हालात में जिस किस्म का बजट हमारे वित्त मंत्री साहब ने बनाया और कोशिश की कि गरीबों के ऊपर कम से कम भार पड़े इसके लिये वह बधाई के पात्र हैं। फिर भी मैं यह कहना चाहती हूं कि कितने नेक कदम उन्होंने उठाने की कोशिश की और दिल से कोशिश की, लेकिन हमें एक खदशा यह है कि जो नेक कदम उन्होंने उठाया और उठाने की कोशिश की उसके बावजूद ऐसा न हो और जैसा कि हम देखते हैं कि जिस किस्म से हमारे काम चलते हैं, उससे वह लाभ नहीं हो पाता जो कि होना चाहिये। जैसे कि बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया। उसका पहला अभिप्राय यही था कि जो गरीब लोग हैं, किसान मजदूर हैं, गरीब जनता है, उनको किसी प्रकार से लाभ हो, उनको कोई लोन मिले, वह कोई छोटा-मोटा व्यापार कर सकें, कोई रिक्शा वाला रिक्शा बना ले, कोई स्कूटर वाला स्कूटर बना ले, कोई टैक्सी बना ले और वह अपना व्यापार करे। मेरा अपना अनुभव है क्योंकि मैं गरीब लोगों के अन्दर, मजदूरों में,

काम करती हूं, कि उसका वह लाभ उन लोगों को नहीं मिल रहा है। ऐसा लम्बा चौड़ा प्रोसीजर है कि उन प्रोसीजरों में से जो गरीब आदमी है उसका निकलना बड़ा मुश्किल हो जाता है—यह सिक्योरिटी लाओ, वह सिक्योरिटी लाओ और फिर बीच में जैसा कि हमारा कैरेक्टर है कुछ रुपया भी लेते हैं। तो मैं मिनिस्टर साहब का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहती हूं कि उन प्रोसीजरों को जैसे भी हो कुछ सिम्प्लीफाई करने की कोशिश करें। 14 करोड़ रुपये के डाइरेक्ट टैक्सेज लगाये गये हैं और बाकी इनडाइरेक्ट टैक्सेज लगाये गये हैं। ठीक है, टैक्सेज लगाना बड़ा जरूरी है, जिस देश ने आगे बढ़ना है, आगे प्रगति करनी है, फाइव ईयर प्लान्स को पूरा करना है, तो टैक्सेज तो लगाना ही है, बिना टैक्सेज के तो काम नहीं चलता लेकिन टैक्सेज वह लगाना चाहिये जिनका कि जो गरीब है जो मध्यम वर्ग है उसके ऊपर बहुत कम असर पड़े। मैं बहुत वर्णन नहीं करना चाहती, लेकिन पैट्रोल के ऊपर उन्होंने कहा कि हमने 8 पैसा लगाया है, देखने में तो 8 पैसा बड़ा कम लगता है, लेकिन उसका प्रभाव क्या पड़ा है? आप देखिये कि स्कूटर है, टैक्सी है, कारें हैं, उनमें किराया बढ़ गया। क्यों किराया बढ़ गया? वह सीधे कहते हैं कि आपकी सरकार ने पैट्रोल महंगा कर दिया। इसका जो मध्यम वर्ग है, जो लोअर मिडिल क्लास है, उनके ऊपर बहुत प्रभाव पड़ा है। इसी प्रकार से जो स्टेनलैस स्टील है और जो छोटी-छोटी चीजें हैं जिनकी आवश्यकता पारिवारिक रूप से एक मध्यम वर्ग के परिवार को है, उसका बहुत ज्यादा बोझा उनके ऊपर पड़ा है और उनको बजट संतुलित करना मुश्किल हो गया है।

तो मैं यह कहना चाहती हूं कि बड़ा अच्छा होता कि आप शराब के ऊपर दुगुना टैक्स लगा देते, अगर वह यह करते तो मैं बड़ा मुबारकबाद देती मिनिस्टर साहब को। यह शराब जिसकी कि पंजाब के अन्दर एक एक फर्लांग पर दुकानें खुली हुई हैं जिसके पीने से हमारा भारत इतना गिर रहा है, उस शराब के ऊपर अगर ज्यादा टैक्स लगा देते तो इससे रेवेन्यू भी हो जाती और शायद गरीब आदमी को उसके कुछ कम पीने से बचत भी हो जाती। पता नहीं उन्होंने क्यों नहीं इस तरफ ध्यान दिया और क्यों यह उचित नहीं समझा।

श्री गनेशी लाल चौधरी (उत्तर प्रदेश) : आपकी गवर्नमेंट को हानि होती इसमें।

श्रीमती सीता देवी : चलिये, वह तो ऐसा ही है, गवर्नमेंट तो चलानी ही होती है। दूसरी एक और चीज है जिसकी तरफ मैं उनका ध्यान दिलाना चाहती हूं, वह यह है कि हम जिस समाजवाद को लाना चाहते हैं और हम जो चाहते हैं कि गरीब और किसान और मजदूर और अमीर में अन्तर खत्म हो जाय, कम हो जाये एक और

4 P. M. दस का हो जाए। वह कैसे हो सकता है? जब तक हम उसके लिए कोई बहुत बड़ा कदम नहीं उठाएंगे और मैं यह समझती हूं, जब तक हमारे देश के अंदर से ब्लैक मनी खत्म नहीं होगा, तब तक देश में समाजवाद कभी नहीं आएगा चाहे हम उसके लिए कितनी भी कोशिश करें। उसके लिए बहुत बड़े प्रयत्न करने पड़ेंगे। मैं मिनिस्टर साहब से कहूंगी कि उसके लिए आपको बड़ा स्ट्रांग मेजर्स लेने पड़ेंगे, इस ब्लैक मनी को खत्म करने के लिए। मेरे दिल में एक सुझाव है, जैसा लंका के अंदर किया गया था कि एक ही रात में आर्डर किया गया था कि जो 100 रु० के नोट हैं व बाहर निकल आएं, वे आगे नहीं चलेंगे। जो लोग इन नोटों को दबा कर रखे हैं आखिर किसी शक्ल में—100 रु० के 500 रु० के या 1,000 रु० के—रखे होंगे और अगर हमारी गवर्नमेंट मुनासिब समझे इस किस्म का डिक्लेयर कर दे कि वे आगे नहीं चलेंगे। लेकिन यह न हो जैसा कि अब की हुआ कि जमीनों की सीलिंग होनी है कहा, तो लोगों ने जमीन अपनी-अपनी सम्भाल ली, इसके नाम कर लिया उसके नाम कर लिया ताकि कोई जमीन बचे नहीं। मुझे तो पंजाब का अनुभव है, जो बड़े-बड़े लोग हैं, जो बहुत बड़े जमींदार थे, उन्होंने क्या किया कि अपने जो उसके मुजारे थे—इसके नाम 400 एकड़, उसके नाम 400 एकड़ रख कर जमीन की सीमा को खत्म कर दिया और उनसे प्रो-नोट लिखवा कर रख दिया। अब उस गरीब के नाम न 20,000 रु० होगा, न वह

[श्रीमती सीता देवी]

जमीन का मालिक बनेगा। जमीन का मालिक वह जमींदार खुद का खुद ही रहा। यह जो मैं आपको बता रही हूं यह बिलकुल एक फैक्ट है, जो कुछ वहां हुआ है और सूबों में भी हुआ है। मैंने पंजाब का वाक़या आपके सामने बताया। तो अगर बात पहले निकल जाए गवर्नमेंट से तो जो पूंजीपति हैं, जो एपार्चेनिस्ट लोग हैं वे सावधान हो जाते हैं। मेरा तो विश्वास है कि यह बड़ी भारी लड़ाई हमें लड़नी पड़ेगी इस सरमायादारी के खिलाफ, अगर हमें सचमुच में समाजवाद लाना है। जैसा आपने देखा जजेज के केस में तूफान मचा हुआ है, नीचे की दुनिया ऊपर आ गई है। क्यों आ गई है? आफटर आल, अगर हमने उन नीतियों को इम्पलीमेंट करना है जो समाजवाद की नीतियां है, तो उसके लिए हमें सुधार करने पड़ेंगे, उसके लिए अपना रेडिकल स्टेप आगे बढ़ाएंगे। तो यह एक बहुत बड़ा रेडिकल स्टेप उठाया गया है, जिसके लिए तूफान मचा है। इसी तरह से मैं कहना चाहती हूं ब्लैक मनी को खत्म करने के लिए एक बड़ा भारी रेडिकल स्टेप उठाना पड़ेगा। मेरा एक सजेशन था--मिनिस्टर साहब इसके बारे में ज्यादा सोच सकते हैं--एक और चीज़ है जो कि हमें करप्ट करती है और वह यह कि चाहे एम० एल० एज० हों, चाहे एम० पीज़० हों, आए दिन वे पार्टी बदलते हैं--सवेरे एक पार्टी में है, दोपहर को दूसरी पार्टी में हैं और शाम को तीसरी पार्टी में है। किसी ने 20 हजार रु० दे दिया, दूसरे ने 30 हजार रु० दे दिया, तीसरे ने 40 हजार रु० दे दिया। यह चीज जहां करप्ट करती है वहां उनके कैरेक्टर को भी गिराती है और ब्लैक मनी बढ़ता है, साथ ही ब्लैक मनी वालों की हिम्मत बढ़ती है। तो कोई ईमानदार आदमी 20,000 रु० किसी को यूं ही नहीं दे सकता, वही देगा जिसके पास ब्लैक का रुपया है। वह सोचता है कि मेरी पार्टी वाले आदमी की हुकूमत होगी तो वह हमें और ज्यादा फायदा पहुंचाएगा। अगर 10 लाख रु० एक ब्लैक मार्केटियर उसके लिए इकट्ठा करता है तो उसको 10 करोड़ रु० कमाने की आशा रहती है। वह इसमें प्राफिट की आशा रखता है। तो मैं सोचती हूं, जब तक यह ब्लैक मनी हम खत्म नहीं करेंगे, तब तक हमारा समाजवाद नहीं आ सकता।

एक और सजेशन है। महंगाई बेहद बढ़ रही है इसलिए जो आर्गेनाइज्ड लेबर, है, आर्गेनाइज्ड यूनियन है, वह आए दिन आंदोलन करती है, आंदोलन करके उनकी तनख्वाहें बढ़ जाती हैं। ठीक भी है, बढ़नी भी चाहिए, महंगाई जो है, पर उनकी तनख्वाहें बढ़ने से कुछ नहीं होगा, क्योंकि महंगाई दुगुनी बढ़ जाती है। इसलिए मेरा सजेशन है मिनिस्टर साहब से कि क़ीमतें जो हैं, खास तौर से जो खाने पीने की चीजें हैं, जिन्हें गरीब और मिडल क्लास ने खाना है, जैसे चावल है, तेल है, वनस्पति घी है, और रोजाना इस्तेमाल के लिए साबुन है, तेल है, मोटा कपड़ा है, इनकी क़ीमतें फ्रीज कर दी जाएं। जब तक आप क़ीमतें फ्रीज नहीं करेंगे, चाहे आप कितनी ही तनख्वाह बढ़ाते चले जाएं, सरकारी नौकर भी संतुष्ट नहीं होंगे, जो मजदूर वर्ग है वह भी संतुष्ट नहीं होगा।

मैं तो इस हक में हूं कि कीमतों को फ्रीज कर दिया जाय और इसके साथ ही लोगों को सस्ते भाव पर चीज बेची जायं, फिक्स्ड प्राइस पर बेची जाय, सस्ते भाव पर बेची जायं। अगर हम इस तरह का प्रबन्ध कर सकते हैं, तब ही हम इस चीज का इलाज कर सकते हैं।

आपने बेरोजगारी की समस्या के लिए पांच करोड़ रुपया रखा है। मैं मिनिस्टर साहब का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहती हूं कि इस रकम को सही मशीनरी द्वारा खर्च किया जाना चाहिये ताकि जिस चीज के लिए खर्च किया गया है, उससे लोगों को लाभ मिले। अगर उचित चीज पर यह रुपया खर्च नहीं होगा तो इससे कोई लाभ होने वाला नहीं है और अगर इस तरह से इसका लाभ दूसरे लोगों को हो जायगा। अगर आपको बेरोजगारी की समस्या को दूर करना है, तो ऐसी बात न हो कि जिनको जरूरत है उनको तो इसका लाभ मिले और जिनको जरूरत नहीं उनको इसका लाभ मिल जाय। आज हमारे देश में बेरोजगारी की एक बड़ी समस्या है। मेरे

पास कुछ आंकड़े है जो मैं आपके सामने रखना चाहती हूं। मैट्रिक की जो फिगर है वह करीब 1,735 लाख के है, अंडर ग्रेजुएट की संख्या 9.32 लाख, है ग्रेजुएट को संख्या 6.2 लाख है और अनुसूचित जातियों की 6.7 लाख है। इस कदर जो हालत है बेरोजगारी की तो यह हमारे गवर्नमेंट की जिम्मेदारी है कि वह इस बारे में और भी बात सोचे और साधन निकाले, ज्यादा चीजों पर जोर दे ताकि यह जो समस्या हमारे सामने भयंकर रूप में खड़ी हुई है उसका इलाज हो सके।

एक और बात मैं यह कहना चाहती हूं कि हम अपने देश में समाजवाद को कभी भी नहीं ला सकते हैं, जब तक ब्यूरोक्रैसी, जो अंग्रेज हम को दे गये है जाते वक्त यह ब्यूरोक्रैसी किसी भी प्लान को चलने नहीं देगी। कभी ऐसा हो सकता है कि समाजवादी प्रोग्राम हो और चलाने वाले लोग ब्यूरोक्रेसी के हों, जिनका समाजवाद पर विश्वास न हो, तो फिर किसी तरह से देश में समाजवाद आ सकता है। मैं यह बात कह कर किसी के ऊपर आक्षेप करना नहीं चाहती हूं। मेरा तो अपना चालीस साल का अनुभव है कि सरकार कोई भी प्रोग्राम तक तब इम्पलीमेंट नहीं कर सकती जब तब वह काम ब्यूरोक्रैसी के हाथ में रहेगा। तो मैं यह कहना चाहती हूं कि जहां आप बड़ी बड़ी चीजों को ठीक कर रहे है वहां पर ब्यूरोक्रैसी को भी ठीक करने की जरूरत है। आप प्रमोशन बेशक आफिसरों का करें, लेकिन उन लोगों का करें जिनका समाजवाद के ऊपर और इसके सिद्धांत पर विश्वास है। यह नहीं कि प्रमोशन सीनियरिटी के हिसाब से हो गया और उन्ही आफिसरों का, आई० सी० एस० आफिसरों का कर दिया जो हमारे कामों में रुकावट डालते हैं। अब उन्हें अपना तरीका और रवैया बदलना होगा। लेकिन जब तक इस तरह की चीज को शासन नहीं बदलती है, तब तक यह चीज नहीं होती है।

हमने बहुत से कार्यक्रम निश्चित किये हैं। हमने शहरों में जो सम्पत्ति है उसके ऊपर सीलिंग लगाने के बारे में बात कही है, यह बात ठीक है कि बहुत से स्टेटों मे यह बात हो गई है, कुछ में कामयाबी हुई और कुछ में नहीं हुई। तो मेरा यह सुझाव है कि यह जो शहरी सम्पत्ति के बारे में सीलिंग लगाने की बात है, यह उतनी ही लगाई जानी चाहिये जितनी आपने गांव को जमीन पर लगाई है। उस गांव की जमीन से जितनी आमदनी होने वाली है यानी जितनी उसकी कीमत है, उतनी कीमत पर शहर में सम्पत्ति होनी चाहिये। अगर आपने इस तरह की बात की तो समानता बनी रहेगी और भेदभाव नहीं रहेगा। जो किसान है वह यह समझेगा कि हमारे साथ पक्षपात करते है, अगर शहर और गांव की जमीन में आपने सीलिंग में भेदभाव किया।

एक बात मैं और कहना चाहती हूं जो इस हाउस में और उस हाउस में रोज उठती है और वह चीन का मामला है। हमने लोगों से वायदे किये हैं कि हम उनकी भलाई के लिए बहुत से कार्य करेंगे और उनमें चीनी मिलों के राष्ट्रीयकरण की भी बात है। मैं अपनी सरकार से कहना चाहती हूं कि जहां वह बड़ी-बड़ी समस्याओं को हल कर रही है, वहां पर वह चीनी मिलों का भी राष्ट्रीयकरण कर दे। आज सारे देश में जो हाहाकार चीनी के सम्बन्ध में उठ रहा है, उसकी वजह से सरकार भी बदनाम हो रही है। मुझे पता है कि आज चीनी की देश में कमी नहीं और चीनी की पैदावार भी कम नहीं हुई है। लेकिन जो बड़े-बड़े पूंजीपति और मिल मालिक बैठे है, ये जानबूझकर चीनी का अभाव पैदा कर दे रहे है ताकि लोगों को तकलीफ पहुंचे; क्योंकि वे नहीं चाहते है कि जो आपके प्रोग्राम है वे सफल हों।

पिछले प्लान में हमने एग्रीकल्चर पर 20.7 परसेंट खर्च किया, लेकिन दूसरे मुल्कों से फिर भी अनाज मंगाना पड़ा। 160 करोड़ रुपया हम खर्च कर रहे हैं जो हम दूसरे सूबों को कर्जे के रूप में दे रहे हैं। 19.7 परसैंट अगर हम सूबों को अधिक दे दें तो हमें बाहर से अनाज न मंगवाना पड़े, अगर पंजाब, हरियाणा को दे दें जो बहुत पैदावार कर रहे है। अगर हमारी केन्द्रीय सरकार इन सूबों को कुछ मदद दे दे तो अनाज की बहुत बड़ी समस्या का हल हो सकता है। जितनी हिन्दुस्तान के अन्दर कनक की खपत है उसका 65 परसेंट पंजाब दे रहा है। आप देखिए कितना बड़ा

[श्रीमती सीता देवी]

प्रपोर्शन पंजाब दे रहा है। यह पंजाब जो आपको मदद देता है यह एक किस्म से फारेन एक्सचेंज है। अगर पंजाब इतना न दे तो आपको विदेश से भीख मांगनी पड़े। मैं भीख नहीं मांग रही हूं, मैं वे चीजें चाहती हूं जो पंजाब को मिलनी चाहिए और जिनकी तरफ सेन्ट्रल इरीगेशन मिनिस्टर थोड़ा सीनियेन्ट व्यू ले ले या अपने कर्तव्य का पालन कर लें तो समस्या हल हो सकती है।

हमारे यहां बिजली की बड़ी शार्टेज है। बिजली के बिना ट्यूब वेल नहीं चल सकते। जब ट्यूब वेल नहीं चलेंगे तो खेती नहीं होगी और अनाज नहीं होगा। जो हमारे बहुत बड़े प्राबलम हैं उनके बारे में दो-तीन सजेशन देना चाहती हूं और उनकी ओर आपका ध्यान दिलाना चाहती हूं। थीम डेम का प्रपोजल 64 में बना, स्टेजेज में चलता रहा। पिछले साल मीटिंग जम्मू और काश्मीर, पंजाब और हरियाणा की हुई और यह फैसला किया गया कि जो जो इन्ट पंजाब में इंजीनियर्स की सीनियॉरिटी थी उसी के हिसाब से लगे ताकि यह न हो कि कोई जूनियर आदमी सी.नयर बन जाय। सेन्ट्रल गवर्नमेंट ने एग्री कर लिया, मिनिस्टर साहब बीच में बैठे थे। फिर लोक सभा में एक सवाल के जवाब में बताया 27 मार्च को—प्रश्न नं० 483—मैं इसलिए कोट कर रही हूं कि मिनिस्टर साहब देख लें कि मैं गप्प नहीं मार रही, फैक्ट्स कह रही हूं। फिर मिनिस्टर साहब ने बताया कि सरकार कन्सीडर कर रही है और जल्दी ही थीम डेम चल पड़ेगा। पंजाब सरकार ने लिखा कि जब यह फाइनलाइज हो गया, फैसला हो गया कि डेम पर सारा खर्च केन्द्रीय सरकार ने करना है तो हमें इजाजत दी जाय ताकि थीम डेम शुरू हो। 64 के बाद 73 हो गया। अगर हमारी केन्द्रीय सरकार थोड़ी मदद दे तो बहुत सारा प्राबलम हल हो सकता है।

हमारी बड़ी देर से डिमान्ड है कि पंजाब में एटामिक पावर प्लान्ट जल्द लगाया जाय। उससे हमें बिजली मिलेगी। हमने थर्मल प्लान्ट भटिंडा में लगाया हुआ है। उपाध्यक्ष महोदय, आपको पता है थर्मल प्लान्ट कोयले से चलता है। पंजाब कोयले की खानों से बहुत दूर है। कहां बिहार और कहां पंजाब। कोयले को लाने में बड़ा खर्च हो जाता है। और इसलिए अगर बिजली बनगी तो बड़ी महंगी बनेगी। तो हमारे चीफ मिनिस्टर ने 13-1-73 को चिट्ठी लिखी कि आप हमें फौरन यह प्लान्ट दे, उसके लिए जगह भी निश्चित कर दी, यह भी लिखा कि एक हजार मेगावाट बिजली पंजाब में इससे पैदा हो सकती है। यदि सेंट्रल गवर्नमेंट इसको जल्दी दे दे तो यह काम हो सकता है। फिर क्या हुआ, कहा कि नहीं कर रहे हैं। लोक सभा में अन-स्टार्ड क्वैश्चन 604 के उत्तर में 4 अप्रैल को मिनिस्टर साहब ने कहा कि सेंट्रल गवर्नमेंट यह सोच रही है कि जल्दी से जल्दी लगाये और इस काम के ऊपर लगाये। इसको वह आज सोच रही है, आज तक क्यों नहीं सोचा।

फिर पंजाब की इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड ने केन्द्रीय सरकार को लिखा कि सौ मेगावाट बिजली जो कोटा का एटामिक पावर प्लांट है, उससे हमें मिलनी चाहिए। मांग की और लोड सर्वे कमेटी और वर्ल्ड बैंक टीम ने यह फैसला भी कर दिया कि पंजाब को इतनी बिजली दी जाए। पंजाब के बोर्ड ने ट्रांसमिशन सिस्टम तैयार कर दिया और फरवरी 27, 1970 को पंजाब के एम० पी० मिनिस्टर साहब से मिले और उन्होंने यकीन दिलाया कि बिजली आपको मिलेगी। यह 1970 की बात थी, आज 1973 है। फिर 24-12-72 को केन्द्रीय सरकार ने लिखा कि यह अंडर कंसिडरेशन है। पंजाब के चीफ मिनिस्टर ने टेलीग्राम दी, उसकी कापी मेरे पास है कि 105 मिलियन यूनिट प्रति दिन कोटा से पंजाब को बिजली मिलनी चाहिए। ये तीन इंस्टांसेज मैंने आपके सामने इसलिए रखे हैं कि अगर हमारी केन्द्रीय सरकार इस जगह से हमको बिजली दे देती तो उससे हरियाणा को भी मिले तो अनाज की जो बड़ी प्राबलम है, पंजाब आगे ही ग्रीन रिवोल्यूशन करता है—उससे सारा अनाज पैदा हो जाता। हम अपने लिए नहीं मांग रहे हैं। इसमें हमारा स्वार्थ नहीं है, सारे देश का स्वार्थ है, पंजाब तो सारे देश का पेट भर सकता है। इसलिए मैं वित्त मंत्री जी से कहती हूं कि वे इरिगेशन मिनिस्टर साहब से कहे कि अगर उनके पास ज्यादा काम है तो इस महकमे को कोई और मिनिस्टर ले ले, खुद प्राइम मिनिस्टर ले ले या वित्त मंत्री साहब

ले ले ताकि ज्यादा काम हो सके। तो मेरी ये सजेशन्स हैं जो मैंने आपके सामने रखी हैं अगर मान ली गई तो इस देश में समाजवाद आ सकता है। समाजवाद नारों से नहीं आयेगा, अपोजिशन को कहने से नहीं आयेगा, प्रैक्टीकल काम करने से आयेगा, जो सुझाव मैंने रखे हैं उन पर अमल करने से आ सकता है।

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. B. RAJU). in the Chair].

SHRI BABUBHAI M. CHINAI i (Maharashtra) : Mr. Vice-Chairman, Sir, I am thankful to you for giving me some time to speak on this very important Bill, that is, the Finance Bill. Before 1 come to the Finance Bill, I would like to say a few words about the state of the economy. Such an exercise, I think, is necessary because the Finance Bill itself has to be framed in that context.

It is unfortunate that when the country and the people were expecting an era of prosperity, today we find that there is acute shortage of almost all essential commodities. Food, the most crucial consumer item, is not readily available even for love of money. This has resulted in riots in a number of places. Power, cloth, cement, paper, bricks, sugar, vanaspati. kerosene, edible oil, in fact almost every essential commodity is scarce. As a result, prices of these commodities have been rising at a very stupendous rate.

In the last one year the general price level has been going up at the rate of more than one per cent per month. The situation has been further aggravated bv the fact that the number of unemployed has been rising very rapidjy. For example, the number of applicants on live registers of employment exchanges at the end of December, 1972 was 6.9 million, compared to 5.1 million a year back. All in all, it looks that the economy has seriously run down and unless efforts are made to increase production and investment rapidly, both in the public and private sectors, we I may be faced with an unprecedented ciisis. This must be anyhow avoided. It is in this background that I submit that Government must seriously consider jwhether their present fiscal and economic policies and the current programme of taking over the distributive trade are really effective instruments eirher for economic growth or social welfare.

